Lakeridge Health

13 अक्टूबर, 2020

**बंधुओं और मित्रजनों,**

पिछले कुछ समय से हम कोविड-19 को रोकने में Lakeridge Health के प्रयासों पर अपडेट साझा करते रहें हैं।

ठीकठाक गर्मियों और शुरुआती ठंड के बाद से ही, Durham क्षेत्र और पूरे Ontario में कोविड-19 की फैलने की दर लगातार बढ़ रही है। हम भी यहां Lakeridge Health में भर्ती होने वाले कोविड-19 मरीजों की बढती संख्या देख रहे हैं।

ये बढ़ता संक्रमण हमारे स्वास्थ्य प्रणाली, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे लिए चिंता और खतरे का विषय बन गया है। ऐसे में हम सभी के लिए जरूरी है कि हम परिवार के बाहर सभी से शारीरिक रूप से दूरी बनाने, मास्क पहनने और थोड़े-थोड़े समय के बाद हाथ धोने जैसे उपायों को दुगुना कर दें।

कोविड-19 के संक्रमण को कम करने, परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए ये बुनियादी सुरक्षा उपाय कारगर साबित हुए हैं। बढ़ते हुए सामुदायिक संक्रमण की गति को धीमा करने और रोकने के लिए, हमारे सामूहिक प्रयासों पर फिर से ध्यान देना जरुरी है।

**Visiting Lakeridge Health**

हमारे रोगियों और हमारी टीम की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, हम कोविड-19 के होने या लक्षणों की जांच करवाने के लिए हमारे अस्पतालों में आने वाले हर किसी व्यक्ति की स्क्रीनिंग कर रहे हैं। **यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि Lakeridge Health अस्पताल में आने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क पहना अनिवार्य होना चाहिए।**

**Lakeridge Health Services**

वसंत और गर्मियों में महामारी के शुरूआती समय के दौरान कुछ सेवाओं में कटौती के बाद, हमने सुरक्षा के सारे पहलुओं को ध्यान रखते हुए, सावधानीपूर्वक अपने सभी अस्पतालों में अपनी सेवाओं को पुन: शुरू कर दिया है। इसमें सर्जरी और एंबुलेंस सेवाएं शामिल हैं।

जैसाकि हम चरण 2 की योजना बना रहे हैं, कि अस्पताल में मरीजों की बढती संख्या के कारण, आवश्यकता पड़ने पर, हम कुछ गतिविधियों को कम कर भी कर सकते हैं। सर्जरी और हमारे कोविड-19 संबंधित प्रोटोकॉल के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस लिंक (this link) पर जाएं।

**क्षेत्रीय उपाय**

सितंबर में, स्कूलों ने नए प्रांतीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को फिर से स्कूल बुलाना शुरू किया, ताकि विद्यार्थियों को कक्षा में और घर से पढ़ने, दोनों के माध्यम से फिर से एक सुरक्षित पढने का माहौल मिल सके। Lakeridge Health और क्षेत्र में हमारे साथी, Durham के स्कूलों में स्थानीय स्तर पर कोविड-19 होने से बचने के उपाय करने वाले इस Durham Region Health Department को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

**कोविड-19 जांच**

पिछले कुछ हफ्तों में, Durham क्षेत्र सहित पूरे प्रांत में कोविड-19 जांच की मांग असामान्य रूप से बढ़ी है। गर्मियों के महीनों में प्रति दिन लगभग 300 से 400 लोगों ने जांच का अनुरोध किया। पिछले सप्ताह, प्रति दिन जांच का आंकड़ा 2,300 तक पहुंच गया।

मांग बढ़ने के साथ, अधिक बीमार व्यक्तियों की जांच को प्राथमिकता देने वाले नए प्रांतीय जांच दिशानिर्देशों को Ontario में कोविड-19 मूल्यांकन केंद्रों में लागू किया गया है।

कोविड-19 जांच के लिए योग्य व्यक्ति, निम्नलिखित में से एक होना चाहिए:

- कोविड-19 के लक्षण हो। कोविड-19 संबंधित लक्षणों के लिए इस लिंक (this link) पर जाएं;
- सार्वजनिक स्वास्थ्य या कोविड-19 अलर्ट एप नोटिफिकेशन प्राप्त हुआ हो। (कृपया Ontario.ca/covidalert पर एप्लिकेशन डाउनलोड करें। (यदि पहले से डाउनलोड नहीं है);
- संक्रमित हुई जगह पर कार्य या रहें हो और जांच करवाने के सार्वजनिक स्वास्थ्य निर्देश मिले हो;
- लॉन्ग-टर्म केयर फैसिलिटी, रिटायरमेंट होम, शेल्टर, ग्रुप होम या अन्य सामूहिक देखभाल/शेयर्ड लिविंग सेटिंग में काम किया हों या रहें हों;
- स्वास्थ्य मंत्रालय, दीर्घकालिक देखभाल मंत्रालय या सार्वजनिक स्वास्थ्य द्वारा जांच के लिए चुने गये समूह का हिस्सा हों।

जांच के लिए अपनी योग्यता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, Lakeridge Heath के कोविड-19 सूचना पृष्ठ पर जाएं।

**जांच और/या मूल्यांकन के लिए अपॉइंटमेंट कैसे प्राप्त करें**

जांच करवाने और मूल्यांकन के लिए, यदि आवश्यक हो, तो covidswab.lh.ca पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म को पूरा करें। आपके अपॉइंटमेंट के निर्देश आपको स्वचालित रूप से ईमेल कर दिए जाएंगे। यदि आपके पास कंप्यूटर या वाई-फाई नहीं है, तो 1-800-841-2729 पर कॉल करके सहायता के लिए DRHD से संपर्क करें।आपका अपॉइंटमेंट Durham के कोविड-19 मूल्यांकन केंद्रों में से एक में बुक की जाएगी। कोरोना से ग्रस्त व्यक्ति हमारे आपातकालीन विभागों में से किसी एक में जाएं या 911 पर कॉल करें।

**यह महत्वपूर्ण है यदि जांच के लिए लिए गए अपॉइंटमेंट की आपको जरूरत नहीं है तो, आप अपॉइंटमेंट को रद्द करवा दें, ताकि हम यह अपॉइंटमेंट किसी अन्य बीमार व्यक्ति को दे सकें।**

**फार्मेसियों में जांच**

अब कुछ फ़ार्मेसी बिना लक्षणों के **कोविड**-19 जांच की आवश्यकता वाले लोगों के लिए **कोविड**-19 जांच ऑफर करती हैं। जांच की पात्रता, जांच बुक करने और अपने पास की फार्मेसी ढूँढने के बारे में जानकारी के लिए Ontario.ca/covidtest पर जाएं।

## जांच परिणाम

लोगों को आमतौर पर 3-5 दिनों में अपने जांच परिणाम प्राप्त होते हैं। हालाँकि, प्रतीक्षा समय अलग-अलग हो सकता है और इसमें अधिक समय भी लग सकता है। यदि आपको इस अवधि के बाद Ontario.ca के माध्यम से अपने परिणाम प्राप्त नहीं होते हैं, तो आप 905- 721-4842 पर कोविड असेसमेंट सेंटर परिणाम लाइन पर कॉल कर सकते हैं। चूँकि कॉल्स की संख्या तेजी से बढ़ गई है, कृपया धैर्य बनाए रखें। जांच के परिणामों की प्रतीक्षा करते समय वायरस को फैलने से रोकने में मदद करने के लिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य द्वारा उल्लिखित सभी self isolation guidelines का पालन करना बेहद आवश्यक है।

चूँकि हम इस वैश्विक महामारी से लड़ते आ रहें हैं, अत: हम अपने समुदाय को अपडेट रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कृपया Lakeridge Health के COVID-19 सूचना पृष्ठ को चेक करते रहें क्योंकि हम प्राप्त होते ही नए दिशानिर्देश और अपडेट साझा करते रहते हैं।

इस अन-चार्टेड क्षेत्र तक पहुँचने में हमें अपना अटूट सहयोग और करुणा देने के लिए धन्यवाद।

**सुरक्षित और स्वस्थ रहें,**

Susan deRyk
Interim President and CEO

Dr. Tony Stone
Chief of Staff